**शनिवार**
28 अक्टूबर 2023



पृष्ठ 4
**ज्यादा पानी पीने से हो सकती है यह गंभीर बीमारी!**



पृष्ठ 5
**विवेक अग्निहोत्री की नई फिल्म की कहानी महाभारत पर आधारित होगी**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 257
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**
जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है वह शक्तिमान हो कर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है।
राम प्रताप त्रिपाठी


# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


## लोकसभा चुनाव से पहले होगा कैबिनेट विस्तार
# हरिद्वार व नैनीताल से बनाए जाएंगे दो मंत्री: भट्ट

विशेष संवाददाता

देहरादून। प्रदेश भाजपा संगठन और सरकार इन दिनों अपनी चुनावी तैयारी में जुटी हुई है। जहां एक ओर भाजपा सरकार द्वारा दायित्व बंटवारे की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है वहीं अब मंत्रिमंडल में खाली पड़े चार पदों को भरने की कवायद भी तेजी से चल रही है।

क्या लोकसभा चुनाव से पूर्व कैबिनेट के चार मंत्री पदों को भरा जाएगा? इसके जवाब में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री धमी की केंद्रीय नेतृत्व के साथ वार्ता चल रही है। उन्होंने कैबिनेट पदों को शीघ्र भरने की बात कहते हुए कहा कि जिन जिलों को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है खास तौर पर हरिद्वार और नैनीताल की बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह जिले हमारे लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसलिए इन जिलों को राज्य के मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा



❑पहाड़ के जिलों से भरी जाएगी बाकी दो सीट

साथ ही उन्होंने कहा कि ठीक वैसे ही दो अन्य मंत्री पदों पर उन पहाड़ी जिलों को महत्वता दी जाएगी जो लंबे समय से प्रतिनिधित्व से वंचित हैं।

महेंद्र भट्ट के इस बयान से इस बात के साफ संकेत मिलते हैं की लोकसभा चुनाव से पूर्व मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाना तय है। भले ही यह विस्तार सभी खाली पदों को भरने वाला हो या ना हो लेकिन कम से कम दो मंत्री पद भरे जाना तय है तथा इन दो पदों पर हरिद्वार और नैनीताल जिले के विधायकों को ही मंत्री बनाया जाना भी तय हो चुका है यह नाम किसके होंगे इसका अभी खुलासा होना बाकी है। अगर पर्वतीय जिलों की बात की जाए तो जिन जिलों को लंबे समय से कैबिनेट में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा सका है उसमें उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ ही है।

भले ही महेंद्र भट्ट ने कुछ भी ज्यादा स्पष्ट न कहा हो लेकिन यह साफ है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व मंत्रिमंडल का विस्तार तय है तथा इसमें हरिद्वार हुआ नैनीताल से दो विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा। वही इससे पूर्व वह दायित्व धारी की भी चार सूचिया तैयार होने की बात कह चुके हैं। जबकि अब तक एक सूची जारी हुई है जिसमें 10 कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए हैं बाकी तीन सूचियों में जिनके नाम है उन्हें भी लोकसभा चुनाव से पूर्व दायित्व मिलने की संभावना है। जिससे चुनाव के समय पार्टी कार्यकर्ताओं में किसी भी तरह का असंतोष न रहे और वह लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पूरे मंन के साथ काम कर सके।

# हत्या व डकैती के मामले में 11 वर्षो से फरार आरोपी जालंधर से गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून । हत्या व डकैती के मामले में 11साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने जालंधर से गिरफ्तार कर लिया है । जिसको न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।

मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को विभिन्न अपराधों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कड़े दिशा निर्देश निर्गत किए गए हैं। जिसके क्रम में थाना राजपुर में वर्ष 2012 में हत्या व डकैती की घटना को अंजाम देने के मामले में मनमीत नामक आरोपी वर्ष 2012 से लगातार फरार चल रहा था। मनजीत पुत्र अमरीक सिंह निवासी गांव काहनपुर, थाना मकसूदा, जनपद जालंधर (पंजाब) की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारेंट तथा धारा 82 व 83 की कार्रवाई के नोटिस जारी किए गए थे।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु राजपुर पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार उसके घर तथा अन्य संभावित स्थानों पर दबिशें से दी गई परंतु आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु किये जा

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# राम मंदिर उद्घाटन में पीएम मोदी के जाने का जमीयत ने किया विरोध

लखनऊ । प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अयोध्या या किसी भी स्थान पर आयोजित होने वाले धार्मिक समारोह में शामिल नहीं होना चाहिए। मौलाना महमूद मदनी के नेतृत्व वाले जमीयत ने यह टिप्पणी उस समय की है, जब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रित किया। समारोह 22 जनवरी को होने की उम्मीद है। जमीयत की ओर से जारी बयान में महमूद मदनी ने कहा, हम



स्पष्ट रूप से यह कहना चाहते हैं कि अयोध्या विवाद में उच्चतम न्यायालय ने जो निर्णय लिया था, हम उसको सही नहीं मानते हैं। फैसले के तुरंत बाद हमने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी थी कि यह गलत माहौल में और गलत सिद्धांतों के आधार पर दिया गया है, जो कानूनी और ऐतिहासिक तथ्यों के भी विरुद्ध है। मदनी ने कहा, ऐसे में देश के प्रधानमंत्री को किसी भी पूजा स्थल के समारोह के लिए बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। धार्मिक अनुष्ठान राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हों और धार्मिक लोगों द्वारा ही किए जाने चाहिए।

# टीचर को गोली मारकर छात्र फरार, तलाश में जुटी पुलिस

हमारे संवाददाता

कानपुर। छात्रों ओर से की जाने वाली दबंगई और आपराधिक घटनाओं से जुड़े अनेकों मामले आय दिन सामने आते रहते हैं। इन्हीं मामलों के बीच यूपी के कानपुर में स्कूली छात्रों ने दबंगई दिखाते हुए अपने टीचर को ही गोली मार दी और फरार हो गया। हालांकि इस मामले में टीचर की तहरीर पर आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्रों ने क्लास के दौरान एक छात्रा के सामने हुई बेइज्जती का बदला लेने के लिए अपने टीचर पर फायरिंग की थी।

मामला कानपुर के चौबेपुर स्थित भजन लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर



कॉलेज का है, यहां शिक्षक विकास तिवारी को मारने की तैयारी में जुटे छात्र ने कॉलेज से निकलने के बाद ही अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर टीचर को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र ने क्लास की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी, जिसकी शिकायत मिलने के बाद भरी क्लास में टीचर ने आरोपी छात्र को डांटा, इस दौरान छात्र ने जब टीचर से बहस करी तो टीचर ने उसे डंडा मार दिया था।

जानकारी के अनुसार क्लास में हुई पिटाई के बाद भी छात्र ने टीचर को घूरना बंद नहीं किया, जिसके बाद क्लास से जाते समय आरोपी छात्र ने शिक्षक को देख लेने की धमकी दी और उसके अगले दिन ही भाई के साथ मिलकर फायरिंग की घटना को अंजाम दे दिया।

इस घटना के बाद अगले दिन शुक्रवार को मंधना से स्कूल पहुंचे शिक्षक जैसे ही स्कूल गेट पर पहुंचे, वैसे ही आरोपी छात्र ने उनपर फायरिंग कर दी। इस मामले को लेकर आरोपी छात्रों के परिवार के लोगों ने जांच के दौरान पुलिस को बताया कि बीते शुक्रवार को दोनों छात्र अपनी साइकिल से स्कूल के लिए निकले थे। कॉलेज पहुंचने के दौरान उनके पास बाइक कहां से आई, पुलिस टीम इस बात का पता लगाने में जुटी हुई है वहीं छात्रों की तलाश जारी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार पर संवेदनहीनता

भ्रष्टाचार का मुद्दा देश के नेताओं के लिए जैसे शिष्टाचार का मुद्दा हो गया है और भ्रष्टाचार पर राजनीतिक दलों के जीरो टॉलरेंस की बात एक तकिया कलाम। उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर तूल पकड़ते जा रहे भर्ती घोटाले की आज अभी शांत नहीं हो पाई है कि उद्यान घोटाले और पाखरो टाइगर सफारी घोटाले को लेकर पक्ष विपक्ष आमने-सामने हैं। खास बात यह है कि हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इन दोनों ही मामलों की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है जिसके कारण नेताओं की धड़कनें तेज हो गई है। दोनों ही घोटाले बीजेपी के कार्यकाल में हुए हैं इसलिए कांग्रेस के तेवर अत्यंत ही तल्ख दिखाई दे रहे हैं। इन बड़े मामलों के खुलासे से एक बात तो साफ हो गई है कि भ्रष्टाचार के मामलों में रत्ती भर भी कमी नहीं आई है जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के नेता अभी भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस की नीति का ही ढोल पीट रहे हैं। 2017 के चुनाव में जीत के बाद जब त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली थी तब उन्होंने अपनी पहली पत्रकार वार्ता में भ्रष्टाचार पर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का उद्घोष किया था। वही उन्होंने भाजपा के चुनावी दृष्टि पत्र में किए गए वायदे को पूरा करने के लिए अपनी सरकार के पहले ही विधानसभा सत्र में लोकायुक्त का प्रस्ताव भी सदन में लाया गया था लेकिन विडंबना देखिए कि एनएच 94 जमीन घोटाले की सीबीआई जांच की संस्तुति के लिए केंद्र को भेजे गए पत्र के जवाब में उनको केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री की फटकार और नसीहत ही मिल सकी। नितिन गडकरी का यह पत्र आम होने के कारण बहुत चर्चा में भी रहा था इसके बाद सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत की हालत तो यह हो गई कि उन्हें राज्य में भ्रष्टाचार दिखाना ही बंद हो गया। एक पत्रकार वार्ता में पत्रकारों ने उनसे जब यह पूछा कि लोकायुक्त प्रस्ताव का क्या हुआ तो उनका जवाब था कि जब राज्य में भ्रष्टाचार ही नहीं रहा तो लोकायुक्त की क्या जरूरत है भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस हमारी सरकार की नीति रही है अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उद्यान घोटाले को लेकर यही कह रहे हैं। सवाल यह है कि राज्य में जब घोटाले पर घोटाले होते जा रहे हैं तो सरकार की इस जीरो टॉलरेंस की नीति का क्या फायदा जिसे एक तकिया कलाम बना लिया गया है। अभी बीते दिनों हाईकोर्ट द्वारा लोकायुक्त की नियुक्ति के बिना राज्य में चलाए जा रहे लोकायुक्त कार्यालय और उस पर किए जा रहे लाखों रुपए महीने के खर्च को लेकर सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए इस खर्च पर रोक लगा दी गई थी। साथ ही वर्तमान सरकार को कुछ महीनो का समय देते हुए लोकायुक्त की नियुक्ति का आदेश दिया गया था तब जाकर सरकार ने इसकी प्रक्रिया को शुरू किया है हालांकि अभी लोकायुक्त की नियुक्ति तो हो तो नहीं पाई है देखना है कि कब तक हो पाती है? मगर एक बात जरूर साफ है कि भ्रष्टाचार को रोकने को लेकर सूबे की कोई भी सरकार अब तक संवेदनशील नहीं रही है। वरना इसे रोकने के कुछ तो कारगर कदम उठाये ही गए होते। हां भ्रष्टाचार का यह मुद्दा अभी भी सूबे के नेताओं के लिए एक अहम चुनावी मुद्दा जरूर बना हुआ है। इस भ्रष्टाचार की बीमारी के लिए जो एक लाइलाज बीमारी बन चुकी है, भाजपा और कांग्रेस समान रूप से जिम्मेदार हैं और सफेद पोशों की गर्दन बचाने के लिए भ्रष्टाचार को राज्य गठन से लेकर अब तक पोषित किया जा रहा है।

# हरिराम महावर बने भारतीय वैश्य महासंघ के गढ़ी डाकरा ईकाई के अध्यक्ष



देहरादून (कासं)। भारतीय वैश्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल ने भारतीय वैश्य महासंघ की गढ़ी डाकरा ईकाई के गठन की घोषणा करते हुए हरिराम महावर को गढ़ी डाकरा ईकाई का अध्यक्ष घोषित करते हुए उनसे शीघ्र अपनी कार्यकारिणी गठन करने की अपेक्षा की है।

उन्होंने कहा कि हरिराम महावर ने जिस प्रकार श्री श्याम सेवा मंडल सरीखी अनेकों धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं में अपने सक्रिय योगदान से समाज में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है उसी प्रकार भारतीय वैश्य महासंघ की गढ़ी डाकरा ईकाई के माध्यम से भी समाज के संगठन और सेवा के नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। आगामी 9 नवंबर मां लक्ष्मी जी की महाआरती के दिन इनके पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी को भी पदभार ग्रहण कराया जाएगा।

एष रुक्मिभिरीयते वाजी शुभ्रेभिरंशुभिः।
पतिः सिन्धूनां भवन्॥
(ऋग्वेद ९-१५-५)
परमेश्वर अपने तेज और शक्तियों द्वारा सर्व व्यापक है। वह सब प्रकृतियों का स्वामी है।

# शीघ्र शुरु होंगे मुख्यमंत्री धामी के चार महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट

हमारे संवाददाता




उधम सिंह नगर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी चार पेयजल योजनाओं सितारगंज, किच्छा, रूद्रपुर तथा काशीपुर के लिए तैयार डीपीआर की जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने देर रात्रि तक जिला कार्यालय सभागार में विस्तार से जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजनाएं मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं। कहा कि इन योजनाओं के निर्माण से जनपद के चारों शहरों में प्रतिदिन 24 घण्टे पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि डीपीआर में प्रत्येक घर शामिल हो। उन्होंने नगर निगम, जल संस्थान तथा सम्बन्धित निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे योजना का भलि भॉति परीक्षण कर लें और डीपीआर का प्रस्तुतिकरण सभासदों एवं पार्षदों के सम्मुख कराया जाये ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न रहे।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारियों व नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि योजना के क्रियान्वयन हेतु जहॉ भूमि की आवश्यकता हो उसे तत्काल चिन्हित किया जाये और यदि सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है तो भूमि खरीद हेतु प्रस्ताव शासन में प्राथमिकता से भेजा जाये।

बैठक में डिजालन इन्जीनियर आदिति पुण्डिर ने जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के तहत शहर के प्रत्येक घर को पाईप लाइन द्वारा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि योजनाओं को आगामी तीस वर्षो अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका

### ❑सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर तथा काशीपुर में शुरु होंगी पेयजल निर्माण योजनाएं

परिषद सितारगंज के लिए 119.88 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 4 जोन में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि सितारगंज पेयजल योजना में 6 ट्यूबवेल, 4.10 किसी राइजिंग मेन, 4 ओवर हैड टैंक तथा 8529 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद किच्छा के लिए 489.73 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 7 जोन में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि किच्छा पेयजल योजना में 14 ट्यूबवेल, 12.50 किसी राइजिंग मेन, 5 ओवर हैड टैंक तथा 17900 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं।

उन्होंने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर के लिए 590.50 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 10 जोन में बांटा गया है। बताया कि रूद्रपुर पेयजल योजना में 27 ट्यूबवेल, 20.50 किसी राइजिंग मेन, 8 ओवर हैड टैंक तथा 33500 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं।

उन्होंने बताया कि नगर निगम काशीपुर के लिए 346.80 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 7 जोन में बांटा गया है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी कलैक्ट्रेट अमृता शर्मा, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम पीएन चौधरी, पीआईयू प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह, ज्योति पालनी, डिजाइन इंजीनियर आदिति पुण्डिर, टाटा कन्सल्टिंग से नासिर शादाब खां, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, प्रियंका सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# गीता प्रेस गोरखपुर के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल का निधन

गोरखपुर। गीता प्रेस गोरखपुर के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल का निधन हो गया है। बता दें शुक्रवार की रात करीब ढाई बजे गोरखपुर के हरिओम नगर स्थित आवास पर ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल ने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बनारस में गंगा तट पर किया जाएगा।

ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल के निधन की सूचना मिलते ही उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।सीएम योगी आदित्नाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि विगत 40 वर्षों से गीता प्रेस के ट्रस्टी के रूप में बैजनाथ का जीवन सामाजिक जागरूकता और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा है कि बैजनाथ जी के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। बैद्यनाथ अग्रवाल समाजसेवी भी रहे हैं।

गीता प्रेस के माध्यम से उनका धार्मिक एवं सामाजिक जुड़ाव भी रहा।बता दें कि हाल ही में गीता प्रेस ने अपना शताब्दी वर्ष मनाया था। भारत सरकार ने गीता प्रेस गोरखपुर का चयन साल 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए किया था।

हालांकि, गीता प्रेस ट्रस्ट ने सम्मान तो स्वीकार कर लिया, लेकिन पुरस्कार के रूप में मिलने वाली एक करोड़ रुपये की राशि लेने से इनकार कर दिया था।

# सेवानिवृत्त कैप्टन से जमीन के नाम पर ठगे दस लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन से जमीन के नाम पर दस लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन जोहडी निवासी सुख बहादुर गुरूंग ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नीरज पुण्डीर से उसकी पुरानी जान-पहचान थी। नीरज पुण्डीर के द्वारा फरवरी 2022 में उसकी अतुल कुमार थापा व बबीता थापा से जान-पहचान करवाई। दोनों को उसने अपना बिजनेस पार्टनर बताकर मिलवाया। उनकें द्वारा उसको एक भूमि विकासनगर में दिखायी गई एवं उक्त भूमि को बेचने की इच्छा जाहिर की, जिससे देखकर उसको उक्त भूमि पंसद आ गयी। उसके द्वारा उनसे उक्त भूमि बेचने के सम्बन्ध में पूछा तो अतुल थापा द्वारा बताया गया कि उसकी मां काफी बीमार है और उनकी हालत खराब है उनका हर 3-4 दिन बाद डायलेसिस कराना पड़ता है, जिसमें काफी खर्चा हो रहा है व उसके पास इतना पैसा नहीं है जिस कारण उसको उक्त भूमि विक्रय करनी पड़ रही है। उसने अतुल थापा व बबीता के मध्य 12 अक्टूबर 2022 को एक अनुबन्ध पत्र निष्पादित किया गया था, जिसमें निम्न शर्ते तय पायी गई थी जिसमें सर्वप्रथम शर्त यह थी कि उक्त भूमि अभी श्रेणी 2 में दर्ज है और वह लोग उक्त भूमि को न्यायालय से श्रेणी 1 में दर्ज कराकर देगें जिसकी फोटो प्रति संलग्न है। भूमि का सौदा एक करोड 15 लाख में तय हुआ था। उसने उनको दो बार में दस लाख रूपये दे दिये थे। दो माह का समय बीत जाने के बाद उसके द्वारो विक्रय पत्र निष्पादित करने के लिये कहा गया तो उनके द्वारा कुछ समय ओर की मांग की गई जिसे उसने उनको तीन माह का समय दिया। उसके द्वारा जब उक्त लोगों से अपने दस लाख रूपये वापस मांगे गये तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फर्जी हस्ताक्षर कर वाहन खरीदने के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। दूसरे के फर्जी हस्ताक्षर कर वाहन खरीदने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साकेत कालोनी राजपुर रोड निवासी बृजभूषण शर्मा ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पास सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय ऋषिकेश द्वारा एक डिमाण्ड नोटिस आया। जिसमें एक जुलाई 2018 से 31 दिसम्बर 2020 तक का एमवी टैक्स 19 हजार चार सौ चालीस रूपये अंकित था। उसके द्वारा उपरोक्त वाहन मोटर कैब कोई नहीं खरीदा गया है। जिसके बाद उसने आरटीआई से जानकारी मांगी तो पता चला कि उसके फर्जी हस्ताक्षर कर जगदम्बा फाईनेंसर शॉप लक्ष्मी काम्पलैक्स के द्वारा संजय चमोली को लेकर दिया गया है।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने मोतीचूर फ्लाईओवर के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से सात ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम विशु पुत्र सुनील निवासी लालजी वाला कबाडी बस्ती कोतवाली हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# घर में घुसकर मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर मां बेटे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नालापानी निवासी रोड निवासी प्रीति ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाला गौरव अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर में घुस आया और उसकी मां व भाई के साथ गाली गलौच करने लगा। उन्होंने जब उसका विरोध किया तो उसने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो हमलावर उनको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

# मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज किया

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजी मार्ग कांवली रोड निवासी अमितराज ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता कश्मीर सिंह गुरूद्वारे गये थे जब वह वापस आ रहे थे तभी वहां पर जेडी, बाटा, बंटी, सोनू, अजय व रवि ने उनको रोक लिया और उनके साथ गाली गलौच करने लगे। उसके पिता ने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी तरफ से रेशमपाल सिंह ने बाना सिंह, जित्ती सिंह व लक्की सिंह के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया।

# भारी मात्रा में चरस सहित दो दबोचे

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशा तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने 399 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशे की सप्लाई हेतू आने वाले है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को ग्राम निवादा तिराहे पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 399 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम सन्नी पुत्र सुरेश व विजय पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# लाल मिर्च का सेवन हार्ट अटैक की संभावना को कम करता है

लाल मिर्च सिर्फ आपके भोजन में तीखा स्वाद ही नहीं लाती बल्कि यह सेहत से जुड़ी कुछ आपातकालीन स्थितियों में भी बेहद प्रभावकारी है। लाल मिर्च के यह बेमिसाल फायदे, आपके कभी भी काम आ सकते हैं, जरूर जानिए....



1. लाल मिर्च का एक बड़ा फायदा यह है कि त्वचा पर कोई चोट, घाव या फिर अन्य कारण से खून का बहना नहीं रुक रहा हो, तो बस एक चुटकी लाल मिर्च लगाने से खून बहना बंद हो जाता है। लाल मिर्च के हीलिंग पावर के कारण ऐसा होता है। हालांकि ऐसा करने पर आपको जलन या तकलीफ हो सकती है, लेकिन बहते खून को रोकने के लिए यह एक अच्छा विकल्प है।

2. शरीर के अंदरुनी हिस्से में चोट, आघात या रक्त का बहाव होने पर लाल मिर्च का प्रयोग किया जा सकता है। जरा-सी लाल मिर्च को पानी में घोलकर पीने पर यह काफी फायदेमंद साबित होगा। गर्दन की अकड़न में भी यह फायदेमंद है।

3. मांसपेशियों में सूजन, किसी प्रकार की जलन, कमर या पीठ दर्द या फिर शरीर के किसी भी भाग में होने वाला दर्द लाल मिर्च के प्रयोग से ठीक किया जा सकता है। इसमें मौजूद विटामिन सी, फ्लेवेनॉइड्स, पोटेशियम और मैंगनीज लाभदायक है।

4. अगर आपकी नाक बंद हो गई है या फिर सर्दी के कारण नाक अधिक बह रही है, तो लाल मिर्च आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। जरा सी लाल मिर्च पानी के साथ घोलकर पीने से आपकी बंद नाक खुल सकती है और बहती नाक भी बंद हो सकती है।

5. पिसी हुई लाल मिर्च का रक्तवाहियों में रक्त के थक्के बनने से रोकाता है और सेवन हार्ट अटैक की संभावना को कम करता है। इसके अलावा अवांछित तत्वों को बाहर निकालने के साथ ही आंतों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाता है। (आरएनएस)

# बगैर तकिये के सोने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक लाभ हो सकते हैं

अक्सर आपको अपने तकिया के बिना नींद नहीं आती होगी है ना, आप यह सोचते है की इससे आराम मिलता है। अगर आप सोचते हैं कि बगैर तकिये के सोने से गर्दन में दर्द हो सकता है, तो आप गलत हैं। बल्कि बगैर तकिये के सोने से आपको कई तरह के शारीरिक और मानसिक लाभ हो सकते हैं। यदि आप अब तक अनजान हैं, तो जानिए बगैर तकिये के सोने से होते हैं कौन कौन से फायदे....



-कई अध्ययनों से पता लगा है कि तकिया लगा कर सोने की जगह बिना तकिए पर सोने पर नींद ज्यादा बेहतर आती है और आप बेहतर गुणवत्ता के साथ आरामदायक नींद ले पाते हैं, जिसका असर आपके मूड और स्वास्थ्य पर पड़ता है।

-अगर आप नींद में अपना चेहरे तकिये की तरफ मोड़कर या तकिये में मुंह डालकर सोते हैं तो यह आदत आपके चेहरे पर झुर्रियां पैदा कर सकती है। इसके अलावा यह तरीका आपके चेहरे पर घंटों तक दबाव बनाए रखता है जिससे रक्त संचार प्रभावित होता है, और चेहरे की समस्याएं उभरती हैं। सामान्य तौर पर गर्दन और गंधों के अलावा पिछले हिस्से में दर्द आपके तकिये के कारण होता है। बगैर तकिये के सोने पर इन अंगों में रक्त संचार बेहतर होगा और आप दर्द से निजात पा सकेंगे।

-कई बार गलत तकिये का इस्तेमाल आपको मानसिक समस्या भी दे सकता है। यदि तकिया कड़क है तो यह आपके मस्तिष्क पर बेवजह दबाव बना सकता है जिससे मानसिक विकार की संभावना बढ़ जाती है।

-अगर आप पीठ, कमर या आसपास की मांसपेशियों में दर्द महसूस करते हैं, तो बगैर तकिये के सोना शुरू कीजिए।

-बिना तकिया के सोने से हमारी रीढ़ की हड्डी को आराम मिलना। अक्सर जब आप सुबह उठते होंगे तो पीठ में अकड़न महसूस करते होंगे। अगर आप बिना तकिया लगाए सोएंगे तो आपको पीठ में दर्द महसूस नहीं होगा।

# रोज-रोज दही खाने से शरीर पर क्या इफेक्ट्स होते हैं



दही कई विटामिंस और मिनरल्स से भरपूर हेल्दी फूड है। बहुत से लोग इसे बड़े ही चाव से खाते हैं। दही खाकर शरीर के लिए जरूरी कई पोषक तत्वों को पूरा किया जा सकता है। लेकिन क्या रोज-रोज दही खाना सही है या फिर इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। इसे लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर आपका शरीर स्वस्थ है और आप सीमित मात्रा में दही खा रहे हैं तो इसका कोई साइड इफेक्ट्स नहीं होगा लेकिन अगर रात में दही खाते हैं और इसकी वजह से कफ बन रहा है तो डॉक्टर इसे खाने से मना कर सकते हैं। ऐसे में जानें रोज-रोज दही खाने से शरीर पर क्या इफेक्ट्स होते हैं।

दही से मिलता है प्रोटीन

शरीर के सेल्स को बढने के लिए अमिनो एसिड की आवश्यकता होती है, जो प्रोटीन से मिलता है। मसल्स, स्किन, बाल, नाखून सब प्रोटीन से ही बनी होती है। ऐसे में अगर प्रतिदिन प्रोटीन शरीर तक पहुंचाना है तो दही सबसे अच्छा माध्यम है।

रिपोर्ट के अनुसार, १०० ग्राम दही खाकर 11.1 ग्राम प्रोटीन की पूर्ति की जा सकती है।

प्रोबायोटिक्स

आंतों में बहुत सारे बैक्टीरिया होते हैं, जो खाना पचाने से लेकर पोषण तक में मदद करते हैं। इनकी संख्या बनाए रखने में दही मददगार होती है। इसे खाने से कब्ज, ब्लोटिंग, गैस, पेट में गर्मी जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

कैल्शियम

हमारे शरीर की हड्डियों के लिए कैल्शियम बेहद ही जरूरी है। इसकी कमी से हड्डियां कम और कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में दही खाकर कैल्शियम की पूर्ति की जा सकती है। दही में अच्छी-खासी मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है।

विटामिन बी2

शरीर में नसों, दिमाग और खून के लिए विटामिन बी 12 जरूरी होता है। यह विटामिन बहुत कम फूड्स में पाया जाता है। इसकी कमी आजकल लोगों में ज्यादा देखने को मिल रही है। चूंकि दही दूध से बनी होती है, इसलिए इससे विटामिन बी12 की थोड़ी मात्रा प्राप्त हो जाती है।

एनर्जी

अगर आपको बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी होती है तो दही खाना चाहिए। इसे खाने से एनर्जी और ताजगी मिलती है और थकावट दूर होती है। हर दिन सीमित मात्रा में दही खाकर शरीर को कई फायदा पहुंचा सकते हैं। (आरएनएस)

# ठंड का मौसम आते ही बढ़ जाता है सर्दी जुकाम का खतरा!

अक्टूबर के महीने में गर्म सर्द का मौसम शुरू हो जाता है, दिन में जहां गर्मी पड़ती है तो रात को ठंड का एहसास होना शुरू हो गया है। ऐसे में गर्म सर्द के इस मौसम में सर्दी जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है और संक्रमण का भी खतरा बढ़ जाता है।

अक्सर लोगों का सवाल रहता है कि सर्दी जुकाम से बचने के लिए घरेलू उपाय क्या होते हैं? तो चलिए आज हम आपको बताते हैं ऐसे पांच घरेलू उपाय जिनका उपयोग करके आप सर्दी के मौसम में मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं।

शहद और नींबू की चाय

एक कप गर्म पानी में एक बड़ा चम्मच शहद और आधे नींबू का रस मिलाएं, गले की खराश से राहत पाने और खांसी से राहत पाने के लिए इस चाय की चुस्की लें।

अदरक की चाय

अदरक की चाय बनाने के लिए ताजे अदरक के एक छोटे टुकड़े को कद्दूकस करके पानी में उबाल लें। अदरक में नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो कंजेशन को कम करने और गले की खराश को शांत करने में मदद कर सकते हैं।

भाप लेना

एक बड़े बर्तन में पानी उबालें। जब यह भाप बन जाए तो इसे आंच से उतार लें और इसमें यूकेलिप्टस तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। बर्तन के ऊपर झुकें और भाप लेने के लिए अपने सिर को तौलिये से ढक लें, इससे नाक में जमा कफ को साफ करने में मदद मिल सकती है।

हल्दी दूध

एक कप दूध गर्म करें और उसमें एक चम्मच हल्दी मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और सोने से पहले पी लें। हल्दी में नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सर्दी के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

खारे पानी के गरारे

एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएं और इससे गरारे करें। यह गले की खराश को शांत करने और जलन को कम करने में मदद कर सकता है। (आरएनएस)

# सुष्मिता सेन की आर्या 3 का प्रोमो वीडियो जारी, डिज्नी+हॉटस्टार पर 3 नवंबर को रिलीज होगी

सुष्मिता सेन को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में सुष्मिता वेब सीरीज आर्या के तीसरे किस्त आर्या 3 में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।आर्या के पहले और दूसरे सीजन के बाद से ही दर्शक इसके तीसरे सीजन का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं।अब आर्या 3 का प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिता जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।

सामने आए प्रोमो वीडियो में सुष्मिता अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए दुनिया से भिड़ती दिखाई दे रही हैं। आर्या 3 का प्रीमियर 3 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स पर आर्या 3 का प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भ्रष्टाचार के सामने अच्छी बात यह है कि एक बार कायम करने का समय आ चूका है। शेरनी तैय्यार है। इसका निर्देशन राम माधवानी द्वारा किया गया है।

सुष्मिता ने सीरीज में आर्या सरीन का किरदार निभाया है। उन्होंने खुलासा किया है कि कैसे स्क्रिप्ट की शुरुआत से छापी गई आर्या की ताकत सीजन तीन में उनकी उपस्थिति को मजबूत कर रही है।

उसी के बारे में बात करते हुए, पूर्व मिस यूनिवर्स ने कहा, मैं आर्या से प्रेरित रही हूं, जिस तरह से हम शूट करते हैं, उन दोनों की सच्चाई घुल-मिल जाती है, सुष्मिता के मौजूद होने और आर्या के सुष्मिता से प्रभावित होने की भी सच्चाई होनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, आर्या की ताकत का पता उस पल से चलता है जब मैंने यह स्क्रिप्ट पढ़ी, मैं इसे अपने साथ ले गई। मुझे लगता है कि सीजन तीन में यह और भी मजबूत हो गई है। सुष्मिता को आखिरी बार वेब सीरीज ताली में भी देखा गया था। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# ज्यादा पानी पीने से हो सकती है यह गंभीर बीमारी!



पानी पीना शरीर के लिए बेहद जरूरी है लेकिन हद से ज्यादा पानी पीना नुकसानदायक भी हो सकता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि ज्यादा पानी पीना इतना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है कि आपकी जान भी जा सकती है। ज्यादा पानी पीने से वॉटर टॉक्सिसिटी की बीमारी हो सकती है। इस आर्टिकल में जानेंगे वॉटर टॉक्सिसिटी क्या है? इसके लक्षण क्या होते हैं? साथ ही साथ यह भी जानेंगे कि कैसे इससे बच सकते हैं। वॉटर टॉक्सिसिटी काफी ज्यादा पानी पीने के कारण होता है। इस बीमारी में किडनी में पानी जमा होने लगता है। जिसके कारण ब्लड में सोडियम जमने लगता है। जिसके कारण शरीर को पानी पचाने में दिक्कत होने लगती है। जो आगे जाकर कई परेशानियां खड़ी करती है।

वॉटर टॉक्सिसिटी के शुरुआती लक्षण

वॉटर टॉक्सिसिटी को ऐसे समझे जैसे शरीर को काफी ज्यादा पानी मिल जाता है। जिसके कारण ओवर हाइड्रेशन हो जाता है। ऐसे में क्या होता है कि शरीर एक टाइम के बाद पानी ऑब्सर्व नहीं कर पाता। जिसकी वजह से पानी बाहर निकलने की कोशिश करता है।

ओवर हाइड्रेशन के कारण शरीर में थकावट, सुस्ती और कम एनर्जी महसूस होने लगती है।

सिरदर्द के साथ-साथ शरीर दर्द की परेशानी भी होती है।

जी मिचलाना के साथ-साथ उल्टी महसूस होना

टॉयलेट के लिए बार-बार जाना

इस बीमारी से बचना है तो इन टिप्स को करना होगा फॉलो

वॉटर टॉक्सिसिटी से बचना है तो आपको करना होगा ये काम

आपने एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा पानी पी लिया है तो आपको इलेक्ट्रोलाइट्स पीना चाहिए।

इलेक्ट्रोलाइट्स के साथ-साथ आपको फलों का जूस और नारियल पानी पीना चाहिए।

प्यास लगने पर एक साथ ढेर सारा पानी पीना भी सही नहीं होता है

शरीर के हिसाब से ही पानी पिएं

एक दिन में कितना पानी शरीर के लिए है जरूरी

एक्सपर्ट के मुताबिक एक दिन में तीन लीटर पानी ठीक है। लेकिन आपको अपने शरीर को भी देखना है। अगर आपका शरीर ऐसा है कि आप 3 लीटर पी सकते हैं तो तभी पिएं। अगर इतना पानी पीना संभव नहीं है तो इससे जबरदस्ती न करें। एक साथ पानी पीने के बजाय आराम-आराम से पानी पीना ज्यादा सही होता है। यह आपकी सेहत को नुकसान भी नहीं पहुंचाएगा।(आरएनएस)

# सुबह-शाम करते हैं वॉकिंग लेकिन नहीं हो रहा फायदा!

चुस्त-दुरुस्त और फिट रहने के लिए आजकल बड़ी संख्या में लोग एक्सरसाइज और वर्कआउट कर रहे हैं। बहुत से लोग ऐसे भी हैं, जो हैवी वर्कआउट की वजह सुबह-शाम वॉक पर निकल जाते हैं। वॉकिंग भी फिटनेस के लिए बेहतरीन मानी जाती है। हालांकि, वॉकिंग का फायदा तभी मिल पाता है, जब उसे सही तरीके से किया जाए। इसलिए जब भी वॉक पर निकलें तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

वॉक करने का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं तो सबसे पहले बॉडी पॉश्चर में सुधार करें। बॉडी पॉश्चर सही रहने से सही तरह से सांस ले पाते हैं। पैदल चलते समय कभी भी शरीर को नीचे की तरफ न झुकाएं। इससे पीठ में तनाव आता है और संतुलन बिगड़ता है। बहुत से लोगों की आदत होती है कि पैदल चलते समय वे अपने हाथों को स्वंग नहीं करते हैं। इससे चलने का पूरा फायदा उन्हें नहीं मिल पाता है। दरअसल, वॉक करने के दौरान हाथों को स्विंग करना अच्छा माना जाता है। इससे चलने की क्षमता में सुधार होती है और शरीर का संतुलन भी बना रहता है।

वॉक करने लिए लिए सही फुटवियर भी जरूरी होता है। अगर सही फुटवियर पहनकर वॉक नहीं करते तो इससे परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसकी जह से पेट से जुड़ी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। पैरों में छाले तक पड़ सकते हैं। वॉक करते समय शरीर को हमेशा हाइड्रेट रखना चाहिए। इससे थकान और कमजोरी नहीं होती है। शरीर को हाइड्रेट नहीं रखने की वजह से मांसपेशियों में थकान और ऐंठन हो सकती है। इसलिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। कुछ लोग चलते समय नीचे की तरफ देखते हैं। वहीं, कुछ मोबाइल चलाते रहते हैं। ऐसे में वॉक की वजह से होने वाला फायदा नुकसान में बदल सकता है। इससे पीठ और शरीर में दर्द के साथ अकडऩ की समस्या हो सकती है। इसलिए वॉक करते समय पूरा फोकस उसी पर रखें।

## शब्द सामर्थ्य -086

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| 9 | | | | 10 | | | | |
| | | | | | | 12 | | |
| | 11 | | 12 | | | | 13 | |
| 14 | | | | | | 15 | | |
| 16 | | | 17 | 18 | 19 | | | |
| 20 | | 21 | | 22 | | | | |
| | | | | 23 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# लहंगा-चोली पहन मोनालिसा ने दिखाईं दिलकश अदाएं

भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन मोनालिसा ने हालिया फोटोशूट के दौरान की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं। मोनालिसा ने खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी हॉटनेस और बोल्ड फिगर के कारण चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर होते ही फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट तस्वीरों में ब्लू और रेड कलर के प्रिंट में लहंगा-चोली पहनी हुई है।

एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार लग रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस का लुक फैंस के बीच काफी ट्रेंड करता है। हालांकि उनकी हर एक अदाओं पर फैंस मर मिटते हैं। मोनालिसा ने अपनी इन तस्वीरों में किलर एक्सप्रेशंस देते हुए काफी खूबसूरत तस्वीरें क्लिक करवाई हैं। गले में नेकलेस, खुले बाल, कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है। (आरएनएस)

# शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में शिव-पार्वती के विवाह के लिए सहमत हुईं मैनावती

धार्मिक भक्ति टीवी शो शिव शक्ति-तप त्याग तांडव के वर्तमान ट्रैक में एक जबरदस्त मोड़ देखने को मिलेगा। शो में मैनावती और उमा शिव की आड़ में पार्वती को विष्णु से विवाह करने के लिए प्रेरित करने की साजिश रचती हैं।

मैनावती ने पार्वती की परेशानी को देखते हुए झूठा दावा किया कि वह भगवान शिव से विवाह कर सकती है। हालांकि, पार्वती का मन उसे धोखे पर संदेह करने के लिए प्रेरित करता है और वह विष्णु से इस धोखेबाज योजना में मैनावती की भागीदारी पर सवाल उठाते हुए उसकी असली पहचान प्रकट करने की मांग करती है।

परेशान होकर, मैनावती सारा दोष उमा पर मढऩे का प्रयास करती है। जवाब में, उमा मैनावती को उसके अहंकार और अभिमान के बारे में जागरूक करने का प्रयास करती है।

यह मैनावती को उमा की असली पहचान के बारे में पूछताछ करने के लिए प्रेरित करता है, जिसके परिणामस्वरूप उमा और पार्वती अपने दिव्य रूपों यानी आदि शक्ति और महादेव को प्रकट करती हैं। अपनी बेटी की दिव्यता को देखकर, मैनावती का हृदय परिवर्तन हो जाता है और वह पार्वती और शिव के बीच विवाह के लिए सहमत हो जाती है। शिव और पार्वती की आसन्न शादी की खबर तेजी से फैलती है, और शिव कैलाश लौट आते हैं, और नंदी को शादी की तैयारी शुरू करने का निर्देश देते हैं।

शिव शक्ति-तप त्याग तांडव कलर्स पर प्रसारित होता है। (आरएनएस)

# लियो के तूफान के बीच शानदार कमाई कर रही भगवंत केसरी

साउथ स्टार नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म भगवंत केसरी गुरुवार, 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसी दिन तलपती विजय की लियो ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी। अब एक ही दिन रिलीज हुई दोनों फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। लियो ने तो बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए हैं। वहीं, भगवंत केसरी को भी दर्शकों की तरफ से काफी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फिल्म का प्रमोशन भले ही कम हुआ हो लेकिन फिल्म को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। चलिए जानते हैं फिल्म ने शनिवार को कितने नोट छापे हैं?

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन 7।75 करोड़ कमा डाले हैं। पहले दिन फिल्म ने 16।6 करोड़ और दूसरे दिन 7 करोड़ कमाए थे। जिसके बाद घरेलू बाजार में फिल्म का कुल कलेक्शन लगभग 32 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म ने 35 करोड़ का आंकड़ा छू लिया है।

बता दें कि फिल्म ने घरेलू बाजार में 16।6 करोड़ के कलेक्शन के साथ जबरदस्त ओपनिंग की थी। दूसरे दिन भी फिल्म ने शानदार कमाई की और अब तीसरे दिन भी नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म कमाई जारी है।

भगवंत केसरी में नंदमुरी बालाकृष्ण के अलावा श्रीलीला, काजल अग्रवाल और अर्जुन रामपाल अहम रोल में नजर आए हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुडी ने किया है। फिल्म शाइन स्क्रीन्स के बैनर तले बनी है, जिसे साहू गणपति और हरीश पेड्डी द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। ये एक तेलुगू एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया जा रहा है। (आरएनएस)

# विवेक अग्निहोत्री की नई फिल्म की कहानी महाभारत पर आधारित होगी



विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स 2 साल बाद भी चर्चा में रहती है। हाल ही में फिल्म ने राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता है।बीते दिनों विवेक की फिल्म द वैक्सीन वॉर रिलीज हुई थी। फिल्म को समीक्षकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई।द वैक्सीन वॉर के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म पर्व की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 3 भागों में आएगी।

विवेक की यह फिल्म एसएल भैरप्पा की किताब पर्व पर आधारित है। कन्नड़ भाषा का यह उपन्यास महाभारत की कहानी को नए तरीके से कहता है। इसमें महाभारत के सभी किरदारों के आंतरिक संघर्ष को दिखाया गया है। भैरप्पा की इस कृति को खूब सराहना मिल चुकी है।यह फिल्म 3 भागों की एक फ्रैंचाइजी होगी। इस पर काम शुरू हो चुका है।इस घोषणा के से विवेक के प्रशंसक उनकी इस फिल्म के लिए उत्सुक है।

विवेक ने फिल्म की घोषणा करते हुए एक्स पर लिखा, बड़ी घोषणा! महाभारत इतिहास है या पुराण हम आई एम बुद्धा (विवेक की निर्माता कंपनी) के लोग ईश्वर को धन्यवाद देते हैं कि हम पद्मभूषण डॉ एसएल भैरप्पा की मॉडर्न क्लासिक पर्व-धर्म की अनोखी कहानी को प्रस्तुत कर रहे हैं।इसके साथ ही उन्होंने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि 17 सालों की रिसर्च के बाद भैरप्पा ने यह किताब लिखी है।

विवेक ने कहा, ऐसी कोई कहानी नहीं, जिसका स्त्रोत महाभारत नहीं। क्या महाभारत मात्र एक काव्य है या भारत की अंतरात्मा सदियों से यह भी प्रश्न उठता आया है कि महाभारत इतिहास है या पुराणभैरप्पा की रचना के बारे में उन्होंने कहा, कुछ तो कारण होगा कि इसे सर्वश्रेष्ठ रचना कहा जाता है। कई भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। हमें खुशी है कि इसे बड़े पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी हमें मिली।

हाल ही में विवेक की द कश्मीर फाइल्स ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। 69वें राष्ट्रीय पुरस्कार में इस फिल्म को राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार दिया गया। विवेक ने यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से ग्रहण किया।इसी फिल्म के लिए पल्लवी जोशी को सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला।द कश्मीर फाइल्स मार्च में आई थी, जिसमें अनुपम खेर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एसएस राजामौली कई बार बता चुके हैं कि उनकी सभी फिल्में महाभारत पर उनकी फिल्म की तैयारी मात्र हैं। मधु मंटेना महाभारत पर बड़े बजट की फिल्म बना रहे हैं। आमिर खान भी कह चुके हैं कि महाभारत पर फिल्म बनाना उनका सपना है। (आरएनएस)

# देवी सॉन्ग- अनमास्क्ड गॉडेस में रितुपर्णा सेनगुप्ता का दिखा अद्भुत अवतार

बंगाली स्टार रितुपर्णा सेनगुप्ता का नया ट्रैक देवी सॉन्ग - अनमास्क्ड गॉडेस शनिवार को रिलीज हुआ। यह ट्रैक दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर देवी दुर्गा की शक्ति को जीवंत करता है। वीडियो में रितुपर्णा को शक्ति के रूप में विस्मयकारी अवतार में दिखाया गया है।

स्वप्नाली गैलिकवर्ड द्वारा गाए गए इस ट्रैक को राजन सर्वदे ने लिखा और संगीतबद्ध किया है।

गीत में दुर्गा मां की कहानी को दिखाया गया है क्योंकि उन्हें अक्सर एक बहुत ही अनोखे अंदाज में बुलाया जाता है। यह श्रोताओं को आत्म-खोज सशक्तिकरण और महिला शक्ति की यात्रा पर ले जाता है।

ट्रैक में संस्कृत और हिंदी में शक्तिशाली छंदों के साथ शास्त्रीय वाद्ययंत्र प्रस्तुत किया गया है, जो एक ही देवी के दो पक्षों के बीच विरोधाभास प्रस्तुत करता है, क्योंकि दुर्गा रक्षक और संहारक दोनों हैं। इसमें रितुपर्णा का नृत्य भी दिखाया गया है

रितुपर्णा सेनगुप्ता ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि देवी गीत महिलाओं की शक्ति और लचीलेपन का एक उल्लेखनीय गीत है। इस परियोजना का हिस्सा बनना सम्मान की बात है जो देवी मां की कहानी को इतने अनोखे और शक्तिशाली तरीके से जीवंत करती है। ट्रैक की निर्देशक नेहा लोहिया ने इसे महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक बातचीत के उत्प्रेरक के रूप में देखा।

गाने के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा कि देवी सॉन्ग - अनमास्क्ड गॉडेस सिर्फ एक गाना नहीं है, बल्कि यह एक परिवर्तनकारी अनुभव है जो दर्शकों को अंधेरे से प्रकाश की यात्रा पर ले जाता है और आत्म-खोज और सशक्तिकरण की गहराई की खोज करता है। गाने की कहानी देवी मां की सशक्त कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने आगे कहा कि देवी मां की कहानी सिर्फ पौराणिक कथाओं की कहानी नहीं है। यह हर महिला के भीतर की आंतरिक शक्ति और दिव्यता का प्रतिबिंब है। इस परियोजना के साथ हम दुनिया भर में महिलाओं को उनकी वास्तविक शक्ति को अपनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाने की उम्मीद करते हैं।

# दर्शकों से जुडऩे की क्षमता रखती हैं मराठी फिल्में : नेहा पेंडसे



दुसारी गोश्त, प्रेमसथी कमिंग सुन और नटसम्राट जैसी मराठी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री नेहा पेंडसे ने क्षेत्रीय सिनेमा के अद्वितीय आकर्षण पर बात की। साथ ही यह भी बताया कि यह हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योगों से कैसे अलग है।

नेहा के पास एक विविध पोर्टफोलियो है जो मराठी, हिंदी और क्षेत्रीय फिल्मों तक फैला हुआ है।

उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि मराठी फिल्मों में सही दर्शकों से जुडऩे की अंतर्निहित क्षमता होती है।

उन्होंने कहा, हालांकि यह सच है कि अधिकांश हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों को अक्सर अपनी पहुंच बढ़ाने और व्यापक जनसांख्यिकीय के लिए अपील करने के लिए डब किया जाता है, मेरी राय में मराठी सिनेमा अभी भी उस बिंदु तक विकसित हो रहा है जहां इसकी सामग्री को आसानी से बदला जा सके, और कई भाषाओं में रिलीज किया जा सके।

उन्होंने साझा किया, यह सब उस असाधारण फिल्म के बारे में है जो भाषा की बाधाओं को पार करती है और सहजता से दर्शकों तक अपनी जगह बना लेती है।

पेंडसे ने उन मराठी फिल्मों का उदाहरण दिया जो भाषाई बाधाओं को पार कर राष्ट्रीय सिनेमाई परिदृश्य का हिस्सा बन गई हैं।

उन्होंने कहा कि सैराट और महाराष्ट्र शहर जैसी शानदार फिल्में हैं जो पूरे देश के दर्शकों तक पहुंचने में कामयाब रहीं। लोगों ने ये फिल्में देखीं और उन्हें पसंद किया, चाहे वे मराठी समझते हों या नहीं। यही मराठी फिल्मों का जादू है।

नेहा इन दिनों शो मे आई कम इन मैडम? में संजना मैडम के किरदार में नजर आ रही हैं। जो स्टार भारत पर प्रसारित होता है। (आरएनएस)

# पुतिन की बांछें खिली चैन से चीन में!

श्रुति व्यास

लंबे अरसे बाद व्लादिमीर पुतिन चैन की साँस लेते दिख रहे हैं। पश्चिमी एवं अन्य देशों का ध्यान इजराइल-हमास युद्ध पर है और दुनिया भर के नेता इजराइल जा रहे हैं - हम आपके साथ खड़े हैं का संदेश देने; नेतन्याहू को थोड़ा संयम बरतने के लिए राज़ी करने; गाजा तक राहत सामग्री पहुंचाने की कोशिश करने और ईरान और उसके समर्थकों को युद्ध को दखल न देने के लिए आगाह करने।

इस बीच पुतिन स्वयं द्वारा छेड़े गए युद्ध से कुछ समय निकालकर चीन की यात्रा पर निकल गए। वे शी जिन पिंग की मेजबानी में आयोजित बेल्ट एंड रोड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने बीजिंग पहुंचे। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पुतिन बहुत कम मौकों पर रूस से बाहर निकले हैं। इस सम्मेलन में शामिल हुए 130 देशों के नेताओं और अधिकारियों के बीच उनका स्वागत एक ख़ास मेहमान की तरह हुआ। चीन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया।

हमारी धरती दो खेमों में बंट गई है। इजराइल, यूक्रेन और पश्चिम एक ओर और चीन, रूस और दुनिया के अन्य तटस्थ देश दूसरी ओर। इजराइल के प्रति पुतिन की उदासीनता से बहुत कुछ जाहिर होता हैनेतन्याहू उर्फ बीबी और पुतिन अच्छे दोस्त रहे हैं, उनके बीच घनिष्ठता रही है वे एक-दूसरे के प्रशंसक हैं। पिछले दो दशकों से इजराइल की राजनीति के केन्द्र में रहे बीबी को मोदी और पुतिन जैसे चौड़े सीने वाले नेता भाते हैं। दूसरी ओर पुतिन, इजराइल को अपना रुआब दिखाने में न झिझकने वाली एक क्षेत्रीय ताकत के रूप में पसंद करते हैं। और रूस में दम तोड़ते लोकतंत्र के प्रति नेतन्याहू की उदासीनता भी उन्हें माफिक आती है।

बीबी पिछले वर्षों में रूस की एक दर्जन यात्राएं कर चुके हैं और यूक्रेन-रूस युद्ध के सन्दर्भ में उन्होंने न तो रूस के खिलाफ एक शब्द कहा और ना ही यूक्रेन की हथियार देकर मदद की। इसलिए जब पुतिन ने हमास के हमले के बाद नेतन्याहु से फोन पर बात करने में पूरे नौ दिन लगा दिए तो सभी को बहुत अचरज हुआ।

यह कोई छुपी बात नहीं है कि रूस फिलिस्तीनी राष्ट्र का समर्थक रहा है, उसने फिलिस्तीनी लड़ाकों को प्रशिक्षण दिया और उन अरब देशों को हथियार दिए जिनने 1973 में इजराइल पर हमला किया था। रूस सीरिया के तानाशाह बशर अल असद का भी साथी है और उसके ईरान से हमेशा से अच्छे रिश्ते रहे हैं। वह साईप्रस के भी नजदीक आ गया है, तुर्की की ओर भी दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है और मिस्त्र से भी रिश्ते बेहतर कर रहा है।



हमास के इजराइल पर अचानक हमले में रूस की कोई भूमिका नहीं रही होगी और ना ही उसे इसके बारे में पहले से कोई जानकारी होगी। लेकिन बीबी से फोन पर हुई बातचीत में हमास की बर्बरता की निंदा न कर पुतिन ने जता दिया कि मध्यपूर्व के घटनाक्रम से उनकी बांछें खिल गयी हैं। उन्हें शायद यह उम्मीद भी होगी कि इजराइल-हमास युद्ध अरब दुनिया के अन्य हिस्सों तक फैल जाएगा और इस सारी उथलपुथल के नतीजे में रूस-यूक्रेन युद्ध पर से लोगों का ध्यान हट जाएगा। बाईडन प्रशासन को पहले ही कांग्रेस से यूक्रेन की मदद के लिए प्रस्तावित बजट पारित करवाने में दिक्कत आ रही है। अब उसे इजराइल के मामले में भी ऐसा ही करना होगा। इसके पारित होने की प्रबल संभावना है, लेकिन मध्यपूर्व में टकराव बढ़ने पर यूक्रेन को मिलने वाली युद्ध सहायता में कमी आएगी, जिसका फायदा पुतिन को होगा। मध्यपूर्व के हालात का फायदा उठाते हुए मास्को ने यूक्रेन के डोमबास इलाके में अवडीव्का के आसपास के क्षेत्र पर दुबारा कब्जा करने का महंगा और महत्वाकांक्षी 10-दिवसीय अभियान प्रारंभ कर दिया है। यदि गाजा और इजराइल का घटनाक्रम न हुआ होता तो यह अभियान दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियों में होता।

यह युद्ध रूस के लिए आर्थिक दृष्टि से भी फायदेमंद होगा। तेल और गैस की कीमतें बढ़ने से रूस (और ईरान) की आमदनी बढ़ेगी जिसका उपयोग यूक्रेन युद्ध में किया जा सकेगा। लेकिन रूस को इससे अधिक खुशी इस बात से होगी कि मध्यपूर्व के संबंध में अमरीकी योजनाएं धरी की धरी रह गईं। पुतिन ने जोर देकर मध्यपूर्व में तनाव बढ़ने का दोष इस इलाके में जंगी जहाज़ भेजने के अमरीका के फैसले पर मढ़ा था। उन्होंने यह भी कहा था कि इस तरह के क्षेत्रीय टकराव "साझा खतरा हैं जिनसे रूस-चीन संबंधों को मजबूत करने में सहायता मिलती है"। यह सच है कि पुतिन की ही तरह शी जिनपिंग भी इस बढ़ती उथलपुथल से आल्हादित हैं।

चीन ने भी हमास की निंदा नहीं की है जिससे इजराइल को कुछ ढांढ़स बंधता। वाल स्ट्रीट जर्नल की एक खबर के मुताबिक गाजा में घुसने की तैयारी कर रही हथियारों से लैस इजरायली सेना और टकराव के क्षेत्र की ओर बढ़ते अमरीकी युद्धपोतों की तस्वीरें एकसाथ प्रकाशित कर चीनी समाचार माध्यम यह धारणा उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं कि यह सब वाशिंगटन के नेतृत्व में हो रहा है। और बेल्ट एंड रोड सम्मेलन में शी जिन पिंग ने अमरीकी नेतृत्व के विकल्प के रूप में अपने देश को प्रस्तुत किया और व्लादिमीर पुतिन को भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का मौका दिया।

इजराइल और हमास के बीच टकराव की ओर दुनिया का ध्यान केन्द्रित होने से जहाँ क्रेमलिन खुश है वहीं बीजिंग अमरीका की प्रतिष्ठा गिरने और उसके बोलबाले को चुनौती दिए जाने से प्रसन्न है। लेकिन इजराइल और ईरान समर्थक किसी अन्य संगठन के बीच यदि एक बड़ी जंग छिड़ती है तो मास्को और बीजिंग दोनों के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी। और दुनिया शायद दो हिस्सों में बंट जाए।

## बॉक्स ऑफिस पर छा गई नंदमुरी बालाकृष्ण की फिल्म!

नंदमुरी बालाकृष्ण की फिल्म भगवंत केसरी बॉक्स ऑफिस पर झूम मचा रही है. फिल्म बिना किसी प्रमोशन के ही शानदार कमाई कर रही है. न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा कायम है. महज 7 दिनों में फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री ले ली है और धुआंधार कमाई कर रही है.

भगवंत केसरी 19 अक्टूबर को विजय थलापति की फिल्म लियो के साथ थिएटर्स में रिलीज हुई थी. क्लैश के बावजूद फिल्म का जादू चल गया है और यह अच्छा कारोबार कर रही है. एनडीटीवी में छपी एक खबर की मानें तो फिल्म का बजट 100 करोड़ है और 7 दिनों के अंदर फिल्म ने अपना बजट निकाल लिया है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 104 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

भगवंत केसरी के प्रोडक्शन हाउस शाइन स्क्रीन्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म के सेंचुरी मारने की जानकारी दी है.

नंदमुरी बालाकृष्ण की फिल्म भगवंत केसरी की कहानी के बारे में बात करें तो यह एक जेल में बंद अपराधी और जेलर, सीआई श्रीकांत (शरथ कुमार) के साथ उसकी दोस्ती पर बेस्ड है. केसरी की मां बीमार हैं और वे आखिरी बार अपने बेटे को देखना चाहती हैं. ऐसे में जेलर नियमों के खिलाफ जाकर केसरी को उसकी मां से मिलवाने ले जाता है. इसकी वजह से जेलर को कुछ समय के लिए सस्पेंड कर दिया जाता है.

भगवंत केसरी में नंदमुरी बालाकृष्ण के अलावा अर्जुन रामपाल, काजल अग्रवाल, श्रीलीला जैसे स्टार्स भी दिखाई दिए हैं. यह एक तेलुगु फिल्म है जिसने न सिर्फ वर्ल्डवाइड 104 करोड़ कमाए हैं बल्कि घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 65.35 करोड़ का कारोबार कर लिया है

## सू- दोकू क्र.086

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8/2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## कोरोना प्रबंधन के बारे में क्या पढ़ाया जाएगा ?

एक बहुत दिलचस्प खबर आई है कि अब स्कूलों में बच्चों को चंद्रयान-तीन की सफल लैंडिंग, जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन और कोरोना प्रबंधन के बारे में पढ़ाया जाएगा। इन तीनों को सिलेबस में शामिल करने का फैसला इसलिए किया गया है ताकि बच्चों को आधुनिक समय के घटनाक्रम के बारे में जानकारी रहे। निश्चित रूप से चंद्रयान-तीन की सफल लैंडिंग भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि है और जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन भी भारत की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। इनके बारे में बच्चों को बताया जाना चाहिए। लेकिन सवाल है कि कोरोना के प्रबंधन के मामले में क्या पढ़ाया जाएगा? यह भी सवाल है कि भारत के कोरोना प्रबंधन में पढ़ाए जाने लायक क्या है?

कहीं ऐसा तो नहीं है कि सरकार कोरोना प्रबंधन के नाम पर वैक्सीन की उपलब्धि का बखान करेगी? पिछल दिनों एक फिल्म आई थी 'द वैक्सीन वॉर'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म की तारीफ की थी लेकिन चूंकि फिल्म एक पीआर एक्सरसाइज के तौर पर बनाई गई थी, जिसमें लॉकडाउन, चिलचिलाती गर्मी में लाखों लोगों पलायन, ऑक्सीजन की कमी से होने वाली मौतों, बेड नहीं मिलने की वजह से अस्पतालों के बाहर तड़प तड़प करते मरते लोगों, गंगा में बहती या गंगा



किनारे दफन कर दी गई लाशों के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया था इसलिए फिल्म बुरी तरह से पिट गई। लोग बिल्कुल ही थियेटर में नहीं गए। क्योंकि यह बहुत पहले की कहानी नहीं है।

दो साल पहले लोगों ने सब कुछ अपनी आंखों से देखा है इसलिए उस पर परदा डालना मुश्किल है। तभी सवाल है कि क्या स्कूलों में बच्चों को कोरोना की त्रासदी के हर पहलू के बारे में पढ़ाया जाएगा या राजनीतिक भाषणों की तरह यह बताया जाएगा कि भारत ने सबसे शानदार तरीके से कोरोना का प्रबंधन किया? (आरएनएस)

## जूनियर एनटीआर की देवरा का नया पोस्टर जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैंइसमें सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं।अब निर्माताओं ने सोमवार (23 अक्टूबर) को देवरा का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें एक हाथ हथियार पकड़े नजर आ रहा हैइसके साथ निर्माताओं ने दर्शकों को दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं। एनटीआर आर्ट्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर देवरा का नया पोस्टर साझा किया है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, दुनिया में सबसे घातक हथियार को पकड़ने वाला हाथ है। टीम देवरा की ओर से आप सभी को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं।देवरा एक नहीं, बल्कि दो भागों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा।यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु समेत तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

# स्कूल की प्रिंसिपल ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

हमारे संवाददाता



उधम सिंह नगर। अज्ञात कारणों से देर रात एक स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर जान दी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है। घटना का पता तब चला जब उनका पति देर रात अपना काम खत्म करके घर पहुंचा।

जानकारी के अनुसार पॉश सोसाइटी ओमेक्स में शुक्रवार देर रात रेनबो पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल पायल भारती ने पंखे में लटक कर जान दे दी। वह गंगेज सी टावर के फ्लैट नंबर 107 में रहती थीं। शुक्रवार देर रात करीब एक बजे घटना का तब पता लगा जब पायल के पति संयुक्त भारती घर लौटे। ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले संयुक्त भारती पत्नी को पंखे पर झूलता देख घबरा गए।

चीख पुकार सुनकर आसपास के फ्लैट के लोग भी निकल आए। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पायल भारती के पास से या घर से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त पायल ने यह कदम उठाया, उनकी नौ वर्षीय छोटी बेटी घर में सो रही थी जबकि बड़ी बेटी एनसीसी कैंप में बाहर गई हुई है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग सका है। पुलिस पायल के पति और बच्चों से पूछताछ कर रही है। सोसाइटी में इस घटना को लेकर तरह के तरह की चर्चाएं और सनसनी का माहौल है।

# महिला पोस्टमास्टर डकार गयी जनता के 32 लाख, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। महिला पोस्टमास्टर द्वारा जनता के 32 लाख रूपये गबन कर दिये गये। पीडितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला पोस्टमास्टर को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पाताल भुवनेश्वर, गंगोलीहाट के ग्रामीणों ने थाना गंगोलीहाट में तहरीर देकर बताया गया था कि पोस्ट ऑफिस पाताल भुवनेश्वर में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत महिला गायत्री देवी दशौनी द्वारा ग्रामीणों के लगभग 32 लाख रूपये से अधिक की धनराशि अपने निजी प्रयोग में लगा दी है। जिसे गंगोलीहाट मुख्य ब्रान्च में ऑनलाईन देखा तो उनका आधा पैसा भी ऑनलाईन नहीं चढ़ा है। बताया कि अब उक्त महिला पोस्टमास्टर न तो उनका पैसा लौटा रही है और न ही पोस्ट ऑफिस आ रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला पोस्टमास्टर की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे पुलिस द्वारा एक सूचना के बाद कुमौड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।



# बहन से छेड़छाड का विरोध करने पर मनचले की भाई से मारपीट

संवाददाता

देहरादून। बहन से छेड़छाड कर विरोध करने पर मनचले ने भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिनगर निवासी युवती ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मौहल्ले में रहने वाला आशीष चौहान पुत्र चेतराम आये दिन उसका पीछा कर उसके साथ छेड़छाड करता रहता है। उसने जब अपने भाई को इसके बारे में बताया तो उसके भाई ने आशीष चौहान को समझाने का प्रयास किया तो आशीष ने उसके भाई के साथ मारपीट कर उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## हत्या व डकैती के मामले में 11 वर्षो से फरार..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस टीम को गोपनीय रूप से जानकारी मिली कि आरोपी मनजीत जालंधर में एक फैक्ट्री में काम कर रहा है, जिस पर पुलिस टीम को तत्काल जालंधर रवाना किया गया, टीम द्वारा 03 दिन तक जालंधर में गोपनीय रूप से आरोपी के संबंध में जानकारियां एकत्रित करते हुए 27 अक्टूबर 23 को काफी प्रयासों के बाद जालन्धर में एक फैक्ट्री के बाहर से अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जिसको न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# आर्य ने नैनीताल सीट से दावा ठोका

विशेष संवाददाता

नैनीताल। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने आज यहां एक पत्रकार वार्ता के दौरान नैनीताल संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी हाई कमान द्वारा अगर नैनीताल सीट से चुनाव लड़ने को कहां जाता है तो वह हाई कमान के आदेश का सम्मान करेंगे और पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेंगे।

भले ही अभी लोकसभा चुनाव में काफी समय सही लेकिन सभी राजनीतिक दलों और नेताओं ने इस चुनाव की तैयारियां जोर-जोर से शुरू कर दी हैं। जहां एक ओर सभी राजनीतिक दलों के संगठन स्तर पर इसकी तैयारी की जा रही है वही व्यक्तिगत स्तर से सभी दलों के नेताओं द्वारा अपनी पसंदीदा सीटों पर अपनी जमीन को मजबूत किया जा रहा है और अपनी-अपनी दावेदारी भी पेश की जा रही है। अभी तक कांग्रेस के पूर्व सीएम हरीश रावत और डॉ हरक सिंह द्वारा हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ने की



❑पार्टी हाई कमान के आदेश का करूंगा सम्मान
❑कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मंशा है मैं चुनाव लडूं

मंशा जताई गई थी लेकिन अब नैनीताल सीट से नेता विपक्ष यशपाल आर्य द्वारा भी अपना दावा पेश कर दिया गया है।

यशपाल आर्य का कहना है कि वह पार्टी हाई कमान के आदेशों का हमेशा ही सम्मान करते आए हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। उन्होंने पहले लोकसभा चुनाव न लड़ने की बात भी कही थी लेकिन आज उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की मंशा है कि वह लोकसभा चुनाव लड़े। इस लिए अब वह चुनाव लड़ने को तैयार है अगर पार्टी हाई कमान द्वारा आदेश दिया जाता है तो वह उसका सम्मान करेंगे तथा पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ेंगे।

लोकसभा का 2024 का चुनाव कांग्रेस के लिए करो या मरो वाली स्थिति का है क्योंकि पिछले दो लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पांच में से एक भी सीट नहीं जीत सकी है तथा सभी पांचो सीटों पर भाजपा विजय रही है इस लिए भाजपा की हैट्रिक को रोकने के लिए कांग्रेस को इस बार चुनींदा और जिताऊ प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में उतारने की जरूरत है। उधर आज नैनीताल में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव में जा रहे हैं और पूरी ताकत से भाजपा का मुकाबला करेंगे और सभी पांच सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपोखरी थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 53 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम रामहेत मोर्य पुत्र राजकुमार निवासी जाखन राजपुर रोड बताया।

# स्मैक के साथ दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने हिन्दूवाला पुल के पास दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया।

तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 300 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अफरोज पुत्र खलील अहमद व मौहम्मद अनीस पुत्र मसीतुल्ला दोनों निवासी थाना तिलहर शाहजहां पुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# विभिन्न विभागों में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

हमारे संवाददाता

देहरादून। राज्य में विभिन्न विभागों में सामने आए भ्रष्टाचार के मामलों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज महानगर अध्यक्ष डॉ जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में एश्ले हॉल पर प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार का पुतला फूंका।



इस अवसर पर गोगी और उपस्थित नेताओं ने कहा कि भर्ती घोटाले, वन विभाग में अवैध रूप से पेड़ कटान का घोटाला, सहकारिता भर्ती घोटाला, उद्यान विभाग घोटाला जैसे अनेक भ्रष्टाचार के मामले राज्य में लगातार सामने आ रहे हैं। इस वर्ष ही तीन मामलों जिनमें कॉर्बेट पार्क में पेड़ कटान मामला, हरिद्वार में पंतद्वीप पार्किंग घोटाला और अब नैनीताल में उद्यान विभाग के घोटाले की जांच को संतोषजनक न मानते हुए उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। इससे सिद्ध होता है है कि विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार के जो मामले आ रहे हैं वे बड़े संगठनात्मक स्तर पर हो रहे हैं जिसको पूरे तंत्र का समर्थन हासिल है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। भाजपा सरकार और घोटाले एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। गोगी ने कहा कि यह सरकार बस अपनी कमियों, भ्रष्टाचार और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने में पारंगत है। राज्य को तत्काल जरूरत तो है एक कड़े भू कानून की लेकिन मुख्यमंत्री बात कर रहे हैं समान नागरिक संहिता के झुनझुने की। कानून व्यवस्था लचर है पर मीडिया और सोशल मीडिया में धाकड़ धामी की छवि गढ़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। भर्ती घोटाले में कहां तो राज्य सरकार को अपनी गलती से शर्मिंदा होना था, और कहाँ नकल कानून लाने पर अपनी ही पीठ थपथपाई जा रही है। राज्य की जनता बहुत समझदार है, सही समय पर सबक जरूर सिखाएगी।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत ने कहा कि भर्ती घोटाले के पीड़ित बेरोजगार युवाओं की आह और पीड़ा आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव में इस सरकार को धराशायी कर देगी। राज्य स्थापना दिवस भी नजदीक है। इस दिन राज्य के लोग जब राज्य गठन के पश्चात की यात्रा का आकलन करेंगे तो सभी वर्तमान भाजपा सरकार को कोसेंगे कि ये राज्य को किस मुकाम पर ले आये हैं कि जहां घोटालों और भ्रष्टाचार की गूंज ही समाप्त नहीं होती।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत , प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल, गरिमा दौसोनी, प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआइ विकास नेगी, महानगर महिला अध्यक्ष उर्मिला थापा , महानगर सेवादल अध्यक्ष आदित्य ,सुनील जायसवाल ,सईद जमाल ,सत्येंद्र पवार ,डॉ अरुण रतूड़ी ,ललित भद्री ,प्रवीण कश्यप ,मोहम्मद फारूक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# अमेरिका में ताबड़तोड़ गोलीबारी का आरोपी 48 घंटे बाद मृत पाया गया

वाशिंगटन। अमेरिका के लेविस्टन में ताबड़तोड़ गोलीबारी का आरोपी 48 घंटे बाद मृत पाया गया है। सामूहिक गोलीबारी का संदिग्ध रॉबर्ट कार्ड ने गोलीबारी कर 18 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, जबकि 13 को घायल कर दिया था। 40 साल के रॉबर्ट कार्ड ने पोर्टलैंड के उत्तर में लेविस्टन के बॉलिंग एली और बार में ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मेन राज्य के पब्लिक सेफ्टी कमिश्नर माइकल सॉसचुक ने शुक्रवार रात कहा कि आरोपी कार्ड का शव शाम 7:45 बजे लिस्बन फॉल्स में नदी के पास पाया गया। सॉस्चक ने कहा कि कार्ड के सिर पर गोली के निशान पाए गए। आशंका है कि उसने खुद को गोली मार कर अपनी जान दी है। कई रिपोर्टों के अनुसार, उसे वही कपड़े पहने हुए पाया गया जो उसने बुधवार रात गोलीबारी के दौरान पहने थे। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद अधिकारियों को बुधवार रात लिस्बन में आरोपी कार्ड की कार मिली। एआर-15 असॉल्ट राइफल से लैस रॉबर्ट कार्ड की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। सॉस्चुक ने शुक्रवार को पुष्टि की कि जांचकर्ताओं को एक आवास की तलाशी में एक नोट मिला है, लेकिन उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि उसमें क्या था। कानून प्रवर्तन सूत्रों ने पहले एबीसी न्यूज को बताया था कि कार्ड ने अपने घर पर अपने बेटे को संबोधित एक सुसाइड नोट छोड़ा था।



# साइकिल यात्रा पर भारत आए ईरानी जोड़े की अखिलेश यादव ने की मदद

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साइकिल यात्रा पर भारत आए ईरानी जोड़े को उनके देश वापस भेजने के लिए आर्थिक मदद की। ये इरानी जोड़ा विश्व शांति का संदेश देते हुए साइकिल से भारत यात्रा पर आया था। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि इंसानियत से बड़ा धर्म और मदद से बड़ी इबादत कोई और नहीं, कुछ और नहीं। सपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि इजरायल-हमास की जंग की वजह से, ईरान से आकर हमारे देश में फंसे इन मेहमानों की देश वापसी में हम कुछ कर पा रहे हैं, ये हमारी खुशकिस्मती है। दुनिया में देश की छवि कहने से नहीं बल्कि कुछ करने से बनती है। दरअसल, साइकिल यात्रा पर भारत आए इस जोड़े की इजरायल हमास युद्ध शुरू होने के कारण वापसी की टिकट रद्द हो गई थी। कुछ समय बाद इनकी सेविंग्स भी खत्म हो गई। पार्टी के एक नेता ने इस बात की जानकारी अखिलेश यादव को दी। तो उन्होंने इस जोड़े की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया। इस जोड़े को वापस भेजने की व्यवस्था कराई।



# राशन वितरण घोटाले के आरोपी की फिल्म में राखी सावंत ने किया था आइटम डांस

कोलकाता। राशन वितरण घोटाले में कोर्ट ने ज्योतिप्रिय मल्लिक को 6 नवंबर तक 10 दिनों तक ईडी हिरासत का निर्देश दिया, लेकिन वह बीमार पड़ गए हैं और उनकी जांच चल रही है। इस बीच राशन वितरण घोटाले का बॉलीवुड कनेक्शन सामने आया है। इसी मामले में गिरफ्तार बकीबुर रहमान के बारे में और भी सनसनीखेज जानकारी सामने आ रही है। उनकी फिल्म में बॉलीवुड स्टार राखी सावंत और पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी ने एक्टिंग की थी। कुछ दिन पहले प्रभावशाली व्यवसायी और चावल मिलों के मालिक बकीबुर रहमान को ईडी ने गिरफ्तार किया था। बाकीबुर पर राशन का सामान खुले बाजार में बेचकर अकूत संपत्ति बनाने का आरोप है। अब बकीबुर रहमान के बारे में और भी सनसनीखेज जानकारी सामने आ रही है। उन्होंने फिल्मों में भी निवेश किया। बकीबुर द्वारा मैंग्रोव नामक फिल्म का निर्माण किया गया था। वहां पार्थ चटर्जी की गर्लफ्रेंड अर्पिता मुखर्जी ने भी अभिनय किया था। इतना ही नहीं फिल्म में राखी सावंत एक आइटम डांस में भी नजर आई थीं। यानी सिर्फ चावल मिलों के मालिक, चावल मिलों या होटल व्यवसायी के रूप में ही नहीं, बाकिबुर ने फिल्मों में भी पैसा लगाया था। यह फिल्म जून 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राखी सावंत, अर्पिता मुखर्जी के अलावा कई और जाने-पहचाने चेहरे भी नजर आए थे। फिल्म के विभिन्न गीतों को कोलकाता और मुंबई के कई प्रसिद्ध संगीतकारों ने भी अपनी आवाज दी थी।



# मुख्यमंत्री धामी ने 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम की अमृत कलश यात्रा में किया प्रतिभाग

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हिमालयन संस्कृति केन्द्र, निम्बूवाला, गढ़ी कैंट में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय 'अमृत कलश यात्रा' में प्रतिभाग किया। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत दिल्ली में देश भर से लाये गये अमृत कलशों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। अमर शहीदों की वीरता की अटूट विरासत को समेटकर भविष्य की प्रेरणादायी नींव रखने के उद्देश्य से कर्तव्य पथ पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें "मेरी माटी, मेरा देश" अभियान के तहत उन वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिन्होंने देश की माटी की खातिर अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस महाभियान में सबने अपनी भागीदारी निभाई है। जिसका परिणाम है कि "अमृत कलश यात्रा" में देवभूमि के सुदूरवर्ती अंचलों के 95 विकासखण्डों व 101 नगर - निकायों से 192 तथा नेहरू युवा केंद्र से 166 स्वयंसेवक उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कलश यात्रा अमर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को हमारे मस्तिष्क में चिरस्थाई रखने के उद्देश्य से संपूर्ण देशभर में "मेरी माटी मेरा" देश महाभियान के अंतर्गत चलाई जा रही है। इस यात्रा के तहत अमर शहीदों की तपोभूमि की मिट्टी को अमृत कलश में दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक तक पहुंचाया जा रहा है। अमृत कलश यात्रा के तहत देशभर से 7500 कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 'अमृत वाटिका' बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह अमृत वाटिका उनके द्वारा दिए गए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सेना न केवल पहले से और अधिक सक्षम और सशक्त हो रही है बल्कि उसकी यश और कीर्ति पताका चारों ओर फहरा रही है। कहा कि राज्य सरकार ने सैनिकों या उनके आश्रितों को मिलने वाली अनुदान राशि बढ़ाने से लेकर शहीद सैनिकों के आश्रितों को राज्य सरकार के अधीन आने वाली नौकरियों में वरीयता के आधार पर नियुक्ति देने का निर्णय भी इसी आशय से लिया है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि आजादी के अमृतकाल का यह वर्ष देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता एवं सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में उभरकर सामने आया है। देश आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व के कारण तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजानदास, सुरेश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड संस्कृत साहित्य एवं कला परिषद मधु भट्ट, अध्यक्ष कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड (मंडी) अनिल डब्बू, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, सचिव एच. सी. सेमवाल, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट, आईटीबीपी और एसएसबी के अधिकारी उपस्थित थे।

## मारपीट में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगत सिंह कालोनी निवासी नौसाद ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर के बाहर खडा था तभी मौहल्ले के ही रईस पुत्र शरीफ अहमद, उसका भाई आमिर उर्फ खलहन व समीर पुत्र लियाकत अली वहां पर आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लोग वहां पर आये तो तीनों उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

## रेलवे कालोनी से 50 किलो सरिया चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने रेलवे कालोनी से पचास किलो सरकारी सरिया चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार साइड आफिस रेलवे कालोनी निवासी विकास कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने निर्माणधीन लोको आउट साइड से पचास किलो सरिया चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 7 नवंबर से तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगी उत्तराखंड

हमारे संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात नवंबर से उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर समीक्षा की। बैठक में शासन व प्रशासन के अधिकारियों के अलावा एचएन बहुगुणा गढ़वाल विवि और गोविंद बल्लभ पंत कृषि विवि के कुलपति भी शामिल हुए।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति सात नवंबर को उत्तराखंड पहुंचेंगी। उनका आठ नवंबर को श्रीनगर गढ़वाल और कुमाऊं दौरे का कार्यक्रम भी है। नौ नवंबर को वह उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर मुख्य सचिव ने सुरक्षा व आवश्यक व्यवस्थाएं जुटा लेने के निर्देश दिए।



## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकरालवाला निवासी ऋतिक कन्नौजिया मसूरी से दून की तरफ आ रहा था जब वह टोल प्लाजा कोलूखेत के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया और उसको काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*